दिन–गुरुवार दिनांक– 07 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. श्रद्धा और भक्तिपूर्ण माहौल में आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।

02. पटना में गंगा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने स्टीमर से छठ घाटों का निरीक्षण किया।

03. उच्चतम न्यायालय ने का आदेश– सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती के निर्धारित नियमों में बीच में किसी प्रकार का फेर–बदल नहीं किया जा सकता।

04. और, मौसम विभाग का छठ को देखते हुए पूर्वानुमान– आज और कल मौसम रहेगा साफ।

अब समाचार विस्तार से.........

---

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया।

–––म्यूजिक–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दोपहर बाद से ही लोगों का विभिन्न छठ घाटों पर छठ के मधुर गीत गाते हुए गाजे बाजे के साथ छठ घाटों पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। पटना में गंगा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, सरयू, महानंदा सहित अन्य नदियों के किनारे छठ घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करने के लिए पहुंचे थे। पटना शहर में सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा नदी किनारे छठ पूजा के लिए पहुंची। शहर में गंगा के किनारे एक सौ साठ घाटों पर विशेष व्यवस्था की गयी है। पूरे राज्य में छठ का उत्साह देखते ही बन रहा है। नदी किनारे बने छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही इस महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि तालाबों, पोखरों के किनारे भी घाट बनाये गये हैं। व्रत

कर रहे कई लोगों ने अपने घरों के बाहर तथा छतों पर भी अस्थायी जलाशय बनाकर अर्घ्य अर्पित किया।

---म्यूजिक---

---

राज्य के प्रसिद्ध सूर्य मंदिरों में पूजा के लिए बड़ी संख्या में छठव्रती और श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। हमारे औरंगाबाद संवाददाता ने खबर दी है कि समीपवर्ती राज्यों से प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के लिए पहुंचे हैं। एक रिपोर्ट--

---रिपोर्ट---

नवादा से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि हड़िया सूर्य मंदिर में भी काफी संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे हैं। एक रिपोर्ट--

---रिपोर्ट---

पटना जिले में बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर, मसौढ़ी अनुमंडल स्थित सूर्य मंदिर, दुल्हिन बाजार के उलार, बक्सर के राम रेखा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा के लिए पहुंचे हैं। गया में दक्षिणार्क सूर्य देवालय और नालंदा जिले में बड़गांव के बालार्क तथा औंगारी गांव स्थित अंगार्क सूर्य मंदिर में श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने स्टीमर से छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल भी मौजूद थे। इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव और राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद ने भी स्टीमर से गंगा घाटों का निरीक्षण किया।

---

राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों और विदेश में रह रहे भारतवंशियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

छठ पर्व को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी छठ घाटों पर पुलिस बलों के साथ–साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की भी तैनाती की गयी है। इसके अलावा छठ घाटों पर प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय, शुद्ध पेयजल और पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। छठ घाटों पर आज से लेकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने तक निजी नावों के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है। इस बीच, पटना के यातायात पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि आज और कल मौसम साफ रहेगा। मौसम केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने छठ महापर्व को देखते हुए राज्य के विभिन्न इलाकों के सूर्योदय के बारे में जानकारी दी है।

———बाईट———

———————————————————————

छठ महापर्व के अवसर पर कल प्रातःकालीन अर्घ्य का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल प्रसारित किया जायेगा। प्रातःकालीन अर्घ्य का आंखों देखा हाल कल भागलपुर के गंगा तट से सुबह पांच बजे से सुबह साढ़े छह बजे तक आकाशवाणी के भागलपुर केंद्र द्वारा प्रसारित किया जायेगा।

———————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने आज व्यवस्था दी कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती के निर्धारित नियमों में बीच में किसी प्रकार का फेर–बदल नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच–न्यायाधीशों की पीठ ने कहा है कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले एक बार निर्धारित भर्ती के नियमों के

साथ बीच में छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। उन्होंने व्यवस्था दी है कि चयन नियम मनमाने नहीं होने चाहिए और संविधान के अनुच्छेद– चौदह के अनुरूप होने चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा कि सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया में पारदर्शिता और भेदभाव रहित नीति अपनाई जानी चाहिए ताकि उम्मीदवारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

————————————————————————

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सरकार जल्दी ही आतंकरोधी नीति और रणनीति लेकर आएगी। नई दिल्ली में आतंकरोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद पिछले दस वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रवैया अपनाया गया है। श्री शाह ने कहा कि आतंकवाद को कत्तई बर्दाश्त न करने के श्री मोदी के आह्वान की दुनियाभर में सराहना हुई है। श्री शाह ने कहा कि दो हजार छह से दो हजार तेरह की अवधि की तुलना में दो हजार चौदह से दो हजार इक्कीस की अवधि में आतंकी घटनाओं में सत्तर प्रतिशत की कमी आई है।

———बाईट———

10 साल के अंदर आतंकवाद के खिलाफ एक ठोस रणनीति लेकर भारत सरकार चल रही है। मोदी जी का एक घोष वाक्य zero tolerance against terrorism ये न केवल भारत समग्र विश्व ने आज स्वीकार किया है। भारत के अंदर terrorism के खिलाफ लड़ने की एक मजबूत इकोसिस्टम खड़ी है। 10 साल के काम का हम अवलोकन करें, तो संतोषजनक चित्र हमारे सामने खड़ा हुआ है।

————————————————————————

विख्यात लोक संगीत गायिका शारदा सिन्हा का आज पटना के गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमान सिन्हा ने पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस मौके पर लोक गायिका के प्रशंसक, उनके चाहने वाले और बड़ी संख्या में आम लोग उपस्थित थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव और अश्विनी कुमार चौबे भी लोक गायिका के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा लोक गायिका शारदा सिन्हा के पटना के राजेंद्र नगर स्थित उनके आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री नड्डा ने कहा कि लोक गायिका शारदा सिन्हा ने जो पहचान बनाई है, उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता।

————————————————————————

महान लोक गायिका को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सिलसिला जारी है। कला और संगीत जगत के कई नामचीन कलाकारों ने संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया है।

---श्रद्धांजलि---

---

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा है कि छठ के बाद यात्रियों की वापसी भीड़ को देखते हुए बाईस नवम्बर तक पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न रेल मंडल विशेष ट्रेनों का परिचालन करेगा। महाप्रबंधक ने कहा कि छठ के बाद बिहार खासकर उत्तर बिहार से अन्य प्रदेशों मे लौटने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पटना, दानापुर, राजेंद्र नगर, समस्तीपुर समेत प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. श्रद्धा और भक्तिपूर्ण माहौल में आज श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा।

02. पटना में गंगा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने स्टीमर से छठ घाटों का निरीक्षण किया।

03. उच्चतम न्यायालय ने का आदेश– सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती के निर्धारित नियमों में बीच में किसी प्रकार का फेर–बदल नहीं किया जा सकता।

04. और, मौसम विभाग का छठ को देखते हुए पूर्वानुमान– आज और कल मौसम रहेगा साफ।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।